भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1323
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 08 दिसंबर, 2025
17 अग्रहायण, 1947 (शक)

एएसआई द्वारा संरक्षित एरुम्बेश्वर मंदिर, तिरुवेरुम्बुर का रखरखाव

1323. श्री दुरई वाइको:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि तिरुवेरुम्बुर, जिला तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु में एरुम्बेश्वर मंदिर, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित एक स्मारक है जिसके तत्काल रखरखाव एवं संरक्षण की आवश्यकता है;
(ख) यदि हां, तो क्या स्मारक संरचनात्मक स्थिति एवं संरक्षण आवश्यकताओं के संबंध में एएसआई द्वारा कोई हालिया निरीक्षण या मूल्यांकन किया गया है;
(ग) क्या सरकार ने उक्त मंदिर में आगंतुको के लिए सुविधाओं की बहाली, संरक्षण एवं सुधार के लिए कोई योजना तैयार की है या स्वीकृत की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और समय-सीमा क्या है; और
(ड.) यदि नहीं, तो क्या सरकार का एएसआई त्रिची सर्कल के समन्वय से इस महत्वपूर्ण चोल कालीन स्मारक के पुनरुद्धार और रखरखाव हेतु तत्काल कदम उठाने का विचार है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): तिरुचिरापल्ली जिले के तिरुवेरुम्बुर में इरुंबीश्वर मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधीन एक केंद्रीय संरक्षित स्मारक है। इरुंबीश्वर मंदिर का संरक्षण, परिरक्षण और अनुरक्षण किया जाना एक सतत् प्रक्रिया है और यह आवश्यकता एवं संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार किया जाता है। इस स्मारक का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाता है। हाल ही में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अधिकारियों ने इस स्मारक का निरीक्षण करके इसकी संरचनात्मक स्थिति का आँकलन किया जिसमें मंदिर में आवश्यक रासायनिक परिरक्षण कार्यों की पहचान की गई।

(ग) से (ड.): वित्तीय वर्ष 2022-23 में संरक्षण/पुनरुद्धार के कार्य शुरू किए गए थे जिनमें विमान पर चूने की लेप चढ़ाना, पलस्तर की आकृतियों की मामूली मरम्मत, जलरोधन कार्य, पुनः पलस्तर करना, लकड़ी के दरवाजे की पेंटिंग, पत्थर की दीवारों की मरमम्त करना और उभरी हुई पत्थर की दीवार का पुनर्निर्माण शामिल है। वित्तीय वर्ष 2024-2025 में पेयजल सुविधाएं, पहाड़ी स्मारक की ओर जाने वाली सीढ़ियों तक हैंड रेलिंग और पैदल मार्ग के लिए नारियल की चटाई जैसी आधारभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई गई। यह स्मारक भली-भाँति परिरक्षित है।

*****